राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (M–409) अलेसे–1/925 दिनांकः– 20/11/2017

## कार्यालय आदेश

श्री महेश कुमार गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I (लिंक नम्बर 5299) दिनांक 27.09.2016 से 03.10.2016 तक इस निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में उपस्थित रहे तत्पश्चात् विभागीय आदेश दिनांक 03.10.2016 के द्वारा इनका पदस्थापन पंचायत समिति, बसेड़ी में किया गया, जहां इन्हें दिनांक 04.10.2017 को कार्यग्रहण करना था लेकिन स्वयं की बीमारी के कारण नहीं कर सके, जिसके कारण इन्होंने दिनांक 04.10.2016 से 12.10.2016 तक रूपान्तरित अवकाश स्वीकृत करने हेतु आवेदन किया है।

अतः दिनांक 04.10.2016 से 12.10.2016 तक, कुल 9 दिवस का रूपान्तरित अवकाश (चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर) स्वीकृत किया जाकर, उक्त आदेशों की प्रतीक्षा अवधि को राजस्थान सेवा नियम 25(क) एवं कार्यग्रहण काल नियम 5(5) के अन्तर्गत सामान्य कार्यग्रहण समय में वृद्वि करते हुए इनका दिनांक 27.09.2016 से 12.10.2016 तक का वेतन इस निदेशालय से आहरण करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उक्त अवकाश (रूपान्तरित अवकाश) की श्री गुप्ता की सेवापुस्तिका में अनिवार्य रूप से प्रविष्टि (लाल स्याही से) अंकित की जावें।

निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (M–409) अलेसे–1/925 दिनांकः–20/11/2017

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –**

1 जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्, दौसा।
2 श्री महेश कुमार गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्, दौसा।
3 लेखा शाखा कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित लेखाकर्मी के उक्त 9 दिवस के रूपान्तरित अवकाश (18 दिवस अर्द्ध वेतन अवकाश) का श्री गुप्ता की सेवापुस्तिका में (लाल स्याही से) अनिवार्य रूप से प्रविष्टि कर गत भुगतान प्रमाण पत्रानुसार ही उक्त अवधि के वेतन का भुगतान करावें।
4 उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में इन्द्राज हेतु।
5 अतिरिक्त निजी सचिव निदेशक महोदया।
6 पदस्थापन सीट/गार्ड फाईल।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.raj.nic.in, E-Mail Id - jdp-ta-rj@nic.inFax-2740735, Tel.- 2744134



D:\2016\surendra\Orders.doc